www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Series : WXYZ/S**

**SET ~ 4**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **63/S**

**रोल नं.**
**Roll No.**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
Please check that this question paper contains **15** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **33** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **33** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)
# PSYCHOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *जिन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, उन्हें छोड़कर **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **14** में प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है। आपसे निर्देशानुसार उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है।*

*(iii)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **15** से **19** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(iv)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **20** से **23** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(v)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **24** से **27** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **28** और **29** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **6** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड च** में प्रश्न संख्या **30** से **33** तक **दो** व्यक्ति अध्ययनों पर आधारित प्रश्न हैं। इन पर आधारित **1** अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा **20** शब्दों और **2** अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा **30** शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए।*

## खण्ड क

**1.** नीना ने एक वैज्ञानिक के बारे में गहनता से अध्ययन किया। इसमें उसका पूरा मनोवैज्ञानिक इतिहास सम्मिलित था। यह गहन अध्ययन उसके ____________ में प्रस्तुत किया गया होगा। *1*

(A) साक्षात्कार

(B) प्रेक्षण

(C) व्यक्ति अध्ययन

(D) आँकड़े

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत, बुद्धि को समझने के लिए सूचना प्रक्रम उपागम का प्रतिनिधित्व करता है ? *1*

(A) बुद्धि संरचना मॉडल

(B) प्राथमिक मानसिक योग्यताओं का सिद्धांत

(C) बुद्धि का त्रिचापीय सिद्धांत

(D) द्वि-कारक सिद्धांत

### *General Instructions :*

*(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****, except where internal choice has been given.*

*(ii)* *Questions No.* ***1 – 14*** *in* ***Section A*** *carry* ***1*** *mark each. You are expected to answer them as directed.*

*(iii)* *Questions No.* ***15 – 19*** *in* ***Section B*** *are Very Short Answer Type-I Questions carrying* ***2*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***30*** *words.*

*(iv)* *Questions No.* ***20 – 23*** *in* ***Section C*** *are Short Answer Type-II Questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***60*** *words.*

*(v)* *Questions No.* ***24 – 27*** *in* ***Section D*** *are Long Answer Type-I Questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***120*** *words.*

*(vi)* *Questions No.* ***28*** *and* ***29*** *in* ***Section E*** *are Long Answer Type-II Questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***200*** *words.*

*(vii)* *Questions No.* ***30 – 33*** *in* ***Section F*** *are based on* ***two*** *case studies given. Answer to each* ***1*** *mark question should not exceed* ***20*** *words. Answer to each* ***2*** *marks question should not exceed* ***30*** *words.*

## SECTION A

**1.** Neena read an in-depth account of a scientist. It contained all his psychological history. This in-depth account must have been presented in his ____________. *1*

(A) Interview

(B) Observation

(C) Case Study

(D) Data

**2.** Which one of the following theories represents the information processing approach to understand intelligence ? *1*

(A) Structure-of-Intellect Model

(B) Theory of Primary Mental Abilities

(C) Triarchic Theory of Intelligence

(D) Two-Factor Theory

**3.** आदित्य ने स्वयं से कहा कि वह अपनी जेब खर्च का बुद्धिमानी से इस्तेमाल करेगा। वह आत्म-नियंत्रण की महत्त्वपूर्ण तकनीक का प्रयोग करता है जिसे ______________ कहा जाता है। *1*

(A) आत्म-प्रबलन

(B) आत्म-अनुदेश

(C) आत्म-सम्मान

(D) अपने व्यवहार का प्रेक्षण

**4.** शारीरिक, संवेगात्मक तथा मनोवैज्ञानिक परिश्रांति की इस अवस्था को __________ कहते हैं। *1*

(A) बर्नआउट
(B) प्रतिरोध
(C) दबाव
(D) आशंका

**5.** नीरज मानता था कि उसमें साक्षात्कार का सामना करने की क्षमता थी और परिणाम में भाग्य की कोई भूमिका नहीं थी। इससे प्रदर्शित होता है कि वह __________ में उच्च है। *1*

(A) आत्म-सक्षमता

(B) आत्म-सम्मान

(C) आत्म-अवधारणा

(D) आत्म-पहचान

**6.** नीचे दिए गए प्रश्न में, अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित दो कथन दिए गए हैं। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

*अभिकथन (A) :* दबाव, प्रतिरक्षा प्रणाली में परिवर्तन ला सकता है और किसी व्यक्ति के बीमार होने की संभावना को बढ़ा सकता है।

*कारण (R) :* दबाव केवल चरम घटनाओं के दौरान होता है, जैसे – आग लगना, रेल या सड़क दुर्घटना, डकैती, भूकंप, सुनामी, आदि।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**3.** Aditya tells himself that he will use his pocket money wisely. He uses the important technique of self-control called ___________. *1*

(A) Self-reinforcement

(B) Self-instruction

(C) Self-esteem

(D) Observation of own behaviour

**4.** The state of physical, emotional and psychological exhaustion is known as ___________. *1*

(A) Burnout (B) Resistance

(C) Stress (D) Apprehension

**5.** Neeraj believed that he had the ability to face the interview and luck had no role to play in the outcome. This indicates that he is high on _____________. *1*

(A) Self-efficacy

(B) Self-esteem

(C) Self-concept

(D) Self-identity

**6.** In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A) :* Stress can produce changes in the immune system and increase the chances of someone becoming ill.

*Reason (R) :* Stress is caused only during extreme events such as fire, train or road accident, robbery, earthquake, tsunami, etc.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**7.** एक छात्रा बिना किसी उकसावे के विद्यालय में अपने सहपाठियों पर प्रभुत्व दिखा रही थी और उन्हें धमका रही थी। वह निम्नलिखित में से किस प्रकार की आक्रामकता प्रदर्शित कर रही थी ? *1*

(A) शाब्दिक आक्रामकता

(B) शारीरिक आक्रामकता

(C) शत्रुतापूर्ण आक्रामकता

(D) अग्रलक्षी आक्रामकता

**8.** एक व्यक्ति मदिरा का अत्यधिक मात्रा में प्रतिदिन सेवन करता है। परिणामत: जब वह मदिरा-पान छोड़ने का प्रयास करता है, तो उसे __________ का अनुभव होता है : *1*

(A) व्यसन

(B) सहन करने की क्षमता

(C) विनिवर्तन अनुक्रियाएँ

(D) प्रसन्नता

**9.** नीचे दिए गए प्रश्न में, अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित दो कथन दिए गए हैं। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

*अभिकथन (A) :* वर्गीकरण इसलिए उपयोगी होते हैं क्योंकि इन्हें प्रयुक्त करने वाले जैसे मनोवैज्ञानिक, मनोरोगविज्ञानी और सामाजिक कार्यकर्ता, इन विकारों के बारे में एक-दूसरे से विचार-विमर्श कर सकते हैं।

*कारण (R) :* इस तरह के विकारों के वर्गीकरण में, विशिष्ट मनोवैज्ञानिक विकारों को जिन्हें समान विशेषताओं के आधार पर विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है, उन श्रेणियों की एक सूची होती है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

7. A girl student was dominating and bullying her peers in school without any provocation. Which of the following types of aggression is she exhibiting ? *1*

(A) Verbal aggression

(B) Physical aggression

(C) Hostile aggression

(D) Proactive aggression

8. An individual drinks large amounts of alcohol on a daily basis. Consequently, he experiences ____________ when he tries to stop drinking alcohol. *1*

(A) Addiction

(B) Tolerance

(C) Withdrawal responses

(D) Pleasure

9. In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A) :* Classifications are useful because they enable users like psychologists, psychiatrists and social workers to communicate with each other about the disorders.

*Reason (R) :* A classification of such disorders consists of a list of categories of specific psychological disorders grouped into various classes based on some shared characteristics.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

10. लोगों को यह अनुभव कराना कि उनका व्यक्तिगत प्रयास (सहयोग) महत्त्वपूर्ण है, सामाजिक स्वैराचार को __________ कम कर सकता है। *1*

(A) समूह के सदस्यों की संख्या बढ़ाकर

(B) व्यक्तिगत जवाबदेही और प्रेरणा बढ़ाकर

(C) समूह के सदस्यों के बीच प्रतियोगिता कर

(D) सदस्यों को अकेले काम करने की अनुमति देकर

11. लोग संगति एवं संगत संबंधों को पसंद करते हैं। जब दो व्यक्तियों में __________ होती है, तो वहाँ संगति होती है और वे एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं। *1*

(A) सुरक्षा
(B) प्रतिमान या मानक
(C) समानता
(D) प्रतिष्ठा

12. नाबिद अपने विभाग के कर्मचारियों को अन्य विभागों के कर्मचारियों की तुलना में अधिक मेहनती मानता है। यह इंगित करता है कि नाबिद इस समूह का __________ सदस्य है। *1*

(A) अंत:समूह
(B) बाह्य समूह
(C) प्राथमिक
(D) द्वितीयक

13. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अभिवृत्ति प्रणाली में जटिलता के विषय में सही ***नहीं*** है ? *1*

(A) यह इस बात को संदर्भित करता है कि एक व्यापक अभिवृत्ति के भीतर कितनी अभिवृत्तियाँ हैं।

(B) एक अभिवृत्ति को एक ऐसे परिवार के रूप में सोचें जिसमें कई 'सदस्य' अभिवृत्तियाँ हैं।

(C) एक अभिवृत्ति प्रणाली से संबंधित प्रत्येक सदस्य अभिवृत्ति में ए-बी-सी घटकों में से केवल कोई एक होता है।

(D) एक अभिवृत्ति प्रणाली के भीतर बहु-सदस्यीय अभिवृत्तियों को तीन ए-बी-सी घटकों के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

14. सामाजिक रूप से परिभाषित अपेक्षाएँ जिन्हें दी हुई स्थितियों में पूर्ण करने की अपेक्षा व्यक्तियों से की जाती है, उन्हें __________ कहते हैं। *1*

(A) भूमिकाएँ

(B) हैसियत/प्रतिष्ठा

(C) संसक्तता

(D) प्रतिमान या मानक

Prepp
Your Personal Exams Guide

**10.** Making people feel that individual contribution is important can reduce social loafing by ____________. *1*

(A) Increasing the number of group members

(B) Enhancing personal accountability and motivation

(C) Creating competition among group members

(D) Allowing members to work alone

**11.** People prefer consistency and like consistent relationships. When two people have _____________, there is consistency and they start liking each other. *1*

(A) Security (B) Norms

(C) Similarities (D) Status

**12.** Nabid views employees from his department as more hardworking than those from other departments. It indicates that Nabid is a/an ___________ member of this group. *1*

(A) Ingroup (B) Outgroup

(C) Primary (D) Secondary

**13.** Which of the following statements is ***not*** true about complexity in an attitude system ? *1*

(A) It refers to how many attitudes there are within a broader attitude.

(B) Think of an attitude as a family containing several 'member' attitudes.

(C) Each member's attitude that belongs to an attitude system has only one of the A-B-C components.

(D) The multiple-member attitudes within an attitude system should not be confused with the three A-B-C components.

**14.** Socially defined expectations that individuals in a given situation are expected to fulfil are known as ____________. *1*

(A) Roles

(B) Status

(C) Cohesiveness

(D) Norms

## खण्ड ख

**15.** वर्णन कीजिए कि, जवाबदेही की प्रकृति, तुलना-समूहों में टीम के समग्र निष्पादन को कैसे बढ़ाती है। *2*

**16.** (क) शाब्दिक और अशाब्दिक परीक्षणों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) प्रतिभाशाली बच्चों की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**17.** मूल्यांकन विधि की कोई एक कमी बताइए जिसमें वास्तविक समय में स्वाभाविक रूप से घटित होने वाली तात्क्षणिक व्यवहारपरक घटनाओं का व्यवस्थित, संगठित तथा वस्तुनिष्ठ ढंग से अभिलेख तैयार किया जाता है। *2*

**18.** किसी विशेष आयाम पर आधारित मनोवैज्ञानिक परीक्षण के परिणाम बताते हैं कि व्यक्ति आक्रामक, अहंकेंद्रिक और समाज विरोधी है। यहाँ पर प्रयुक्त परीक्षण की पहचान कीजिए और उसकी व्याख्या कीजिए। *2*

**19.** सेवार्थी की उसकी समस्या के उपचार के लिए मनोगतिक चिकित्सा चल रही है। इस चिकित्सा से सेवार्थी को क्या मुख्य लाभ होने की संभावना है ? *2*

## खण्ड ग

**20.** पूर्वाग्रह से निपटने के लक्ष्य कैसे प्राप्त किए जा सकते हैं ? *3*

**21.** 'मनोवैज्ञानिक दबाव केवल दबाव का लक्षण ही नहीं है, बल्कि यह दबाव को और बढ़ाता है।' मनोवैज्ञानिक दबाव के किन्हीं तीन स्रोतों का स्पष्टीकरण करते हुए इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। *3*

**22.** (क) राघव प्रौद्योगिकी उन्नत समाज में रहता है। उसके पास कौन-सी विशेषताएँ व कौशल होने की संभावना हैं ? *3*

**अथवा**

(ख) रिदित ने अपने विद्यालय में एक कार्यक्रम शुरू किया, जिसका उद्देश्य छात्रों की सांवेगिक बुद्धि में सुधार करना था। यह कार्यक्रम छात्रों की सहायता कैसे करेगा ?

**23.** एक व्यक्ति को मनोवैज्ञानिक कठिनाइयाँ होती हैं और वह उन शारीरिक लक्षणों की शिकायत करता है, जिसका कोई जैविक कारण नहीं है। इस विकार की पहचान कीजिए और इसकी मुख्य विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। *3*

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION B

**15.** Describe, how does the nature of accountability enhance overall performance of teams in comparison-groups. *2*

**16.** (a) State the difference between verbal and non-verbal tests. *2*

**OR**

(b) State any two characteristics of gifted children.

**17.** Explain any one limitation of the assessment method that employs systematic and objective procedures to record behavioural phenomena occurring naturally in real time. *2*

**18.** Result of a psychological test on a particular dimension indicates that a person tends to be hostile, egocentric and antisocial. Identify and explain the test that has been used here. *2*

**19.** A client is undergoing psychodynamic therapy for the treatment of his problem. What is likely to be the chief benefit of this therapy to the client ? *2*

## SECTION C

**20.** How can the goals of handling prejudice be accomplished ? *3*

**21.** 'Psychological Stress is not only a symptom of stress, but it causes further stress.' Justify the statement by explaining any three sources of psychological stress. *3*

**22.** (a) Raghav belongs to a technologically advanced society. What are the qualities and skills he is likely to possess ? *3*

**OR**

(b) Ridit initiated a programme in his school that aimed at improving students' emotional intelligence. How will this programme help the students ?

**23.** A person has psychological difficulties and complains of physical symptoms for which there is no biological cause. Identify the disorder and explain its main features. *3*

## खण्ड घ

**24.** (क) सुमेधा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का समर्थन करती है, लेकिन अपनी सुविधा के लिए एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग करती है। क्या उसका व्यवहार उसकी अभिवृत्ति का प्रतिबिंब है ? इस अभिवृत्ति-व्यवहार संबंध की व्याख्या कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) सतीश एक नए गैजेट की बिक्री बढ़ाने के लिए एक विपणन रणनीति विकसित कर रहा है। वे कौन-सी महत्त्वपूर्ण लक्ष्य विशेषताएँ हैं, जो नए गैजेट के प्रति अभिवृत्ति परिवर्तन को प्रभावित करेंगी ?

**25.** वीर शिक्षक-छात्रों के बीच परस्पर संवाद का अध्ययन करने के लिए एक शोध परियोजना पर काम कर रहा है। किन्हीं चार मूल्यांकन विधियों की व्याख्या कीजिए, जिसे वह अपने शोध के लिए उपयोग कर सकता है। *4*

**26.** एक गर्भवती महिला, जो पारिवारिक दबाव के कारण महत्त्वपूर्ण दबाव का अनुभव कर रही है। स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उसे अपनी नौकरी छोड़नी पड़ी। इन चुनौतियों के बावजूद, उसकी एक करीबी मित्र है, जो उसे सामाजिक अवलंब प्रदान करती है। परिणामस्वरूप, गर्भवती महिला स्वयं को अधिक आश्वस्त महसूस करती है। उसके दबाव को कम करने में सामाजिक अवलंब की भूमिका की व्याख्या कीजिए। उसकी मित्र किस प्रकार के विशेष अवलंब प्रदान कर रही है ? *4*

**27.** कौन-सी चिकित्सा सेवार्थी को व्यक्तिगत संवृद्धि एवं अपनी संभाव्यताओं की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है ? उन चिकित्साओं के बारे में लिखिए जो इस सिद्धांत पर आधारित हैं। *4*

## खण्ड ङ

**28.** (क) दुश्चिंता विकार के विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) अपसामान्य व्यवहार की व्याख्या करने में प्रयुक्त किन्हीं तीन उपागमों को स्पष्ट कीजिए।

**29.** (क) किन्हीं तीन पश्च-फ्रायडवादी सिद्धांतकारों के मुख्य बिंदुओं (तर्क-वाक्यों) को स्पष्ट कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) व्याख्या कीजिए कि प्रक्षेपी तकनीक किस प्रकार व्यक्तित्व का मूल्यांकन करती है। व्यक्तित्व के कौन-से प्रक्षेपी परीक्षण मनोवैज्ञानिकों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं ?

## SECTION D

**24.** (a) Sumedha supports reducing plastic use, but uses single-use plastic items for her convenience. Is her behaviour a reflection of her attitude ? Explain this Attitude-Behaviour Relationship. *4*

**OR**

(b) Satish is developing a marketing strategy to enhance the sale of a new gadget. What are the important target characteristics that will influence attitude change towards the new gadget ?

**25.** Veer is undertaking a research project to study teacher-student interaction. Explain any four assessment methods that he can use for his research. *4*

**26.** A pregnant woman, is experiencing significant stress due to family pressures. She had to leave her job due to health concerns. Despite these challenges, she has a close friend who provides social support. Consequently, the pregnant woman reports feeling more reassured. Explain the role of social support in reducing stress for her. What specific types of support may her friend be providing ? *4*

**27.** Which therapy encourages the client to seek personal growth and actualise their potential ? Write about the therapies based on this principle. *4*

## SECTION E

**28.** (a) Explain the various types of anxiety disorders. *6*

**OR**

(b) Explain any three approaches used to explain abnormal behaviour.

**29.** (a) Explain the key propositions of any three Post-Freudian theorists. *6*

**OR**

(b) Explain how projective techniques assess personality. Which projective tests of personality are widely used by psychologists ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड च

### (व्यक्ति अध्ययन – 1)

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों **(30 व 31)** के उत्तर दीजिए :*

पंद्रह वर्षीय किशोर अमन निष्क्रिय जीवनशैली जीता है और उसमें नियमित शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने का बहुत कम उत्साह है। इसके अलावा वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर बहुत अधिक समय व्यतीत करता है, जो उसके माता-पिता के लिए उसके समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर बड़ी चिंता का विषय बन गया है। अमन के शारीरिक स्वास्थ्य और सामाजिक संपर्क पर होने वाले नकारात्मक प्रभाव से चिंतित होकर उसके माता-पिता ने पेशेवर चिकित्सक से मदद लेने का निर्णय लिया। चिकित्सक ने अमन की शारीरिक गतिविधि की कमी और अत्यधिक स्क्रीन समय को संबोधित करने के लिए एक व्यापक व्यवहार हस्तक्षेप तैयार किया।

अगले कई महीनों के दौरान अमन के व्यवहार में उल्लेखनीय परिवर्तन आने लगा। आरंभ में पुरस्कार तंत्र से प्रेरित होकर वह शारीरिक गतिविधियों में अधिक नियमित रूप से भाग लेने लगता है। जैसे-जैसे वह इन गतिविधियों में अधिक शामिल होने लगता है, वह व्यायाम के लाभों की सराहना करना शुरू कर देता है और उन गतिविधियों में भी उसे आनंद आने लगता है, जिन्हें वह पहले टाल देता था। जैसे-जैसे वह अपने नए शौक और रुचियों में लीन होता जाता है, उसका स्क्रीन समय भी कम होता जाता है।

**30.** अमन एक निष्क्रिय जीवनशैली जीता है। क्या यह व्यवहार अधिगम का परिणाम हो सकता है ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए। *1*

**31.** व्यवहारवादी उपागम के कौन-से सिद्धांत हैं जिससे अमन के व्यवहार को संशोधित करने में मदद मिली ? किन्हीं दो की व्याख्या कीजिए। *2*

### (व्यक्ति अध्ययन – 2)

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों **(32 व 33)** के उत्तर दीजिए :*

एंजल एक उच्च स्तरीय व्यवसायी है जो गहन दुश्चिंता और अधूरेपन की भावना से जूझ रही है। वह मानती है कि उसे पूर्ण (दोषहीन) होना चाहिए और उसके सामाजिक और कार्य-क्षेत्र में हर किसी को उससे प्यार करना चाहिए। यह विश्वास उसके उन अनुभवों में निहित है, जहाँ उसकी उपलब्धियों की तो प्रशंसा की गई लेकिन शायद ही उसे कभी उसके व्यक्तिगत गुणों के लिए सराहा गया। जब कभी उसे छोटी सी कमी या आलोचना का सामना करना पड़ता है, जैसे कि पूर्णता से थोड़ा कम प्रदर्शन तो वह यह सोचकर हताश हो जाती है कि वह पूरी तरह से असफल हो गई है। "मैं मूर्ख हूँ", "मैं सफल नहीं हो पाऊँगी" जैसी धारणाएँ उसे संवेगात्मक रूप से अस्थिर बनाती हैं और उसके दैनिक प्रकार्यों को प्रभावित करती हैं।

**32.** अल्बर्ट एलिस के अनुसार, एंजल की व्यथा के कारण को स्पष्ट कीजिए। *1*

**33.** आरईटी (RET) व्यथा को कम करने में कैसे मदद करती है ? *2*

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION F

### (Case Study – 1)

*Read the case study given below and answer the questions* ***(Q. 30 and 31)*** *that follow :*

Aman, a 15-year-old teenager, leads a largely sedentary lifestyle and shows little enthusiasm for engaging in regular physical activity. Additionally, he spends an excessive amount of time on electronic devices, which has become a major concern for his parents regarding his overall health and well-being. Concerned about the potential negative effects on Aman's physical fitness and social interactions, his parents decided to seek professional help from a therapist. The therapist devises a comprehensive behavioural intervention to address Aman's lack of physical activity and excessive screen time.

Over the course of several months, Aman's behaviour begins to change noticeably. Initially motivated by the reward system, he starts to engage more regularly in physical activities. As he becomes more involved, he begins to appreciate the benefits of exercise and starts to enjoy activities he previously avoided. His screen time decreases as he finds himself increasingly absorbed in his new hobbies and interests.

**30.** Aman leads a largely sedentary lifestyle. Can this behaviour be an outcome of learning ? Give reasons in support of your answer. *1*

**31.** What are the principles of the behavioural approach that helped in modifying Aman's behaviour ? Explain any two. *2*

### (Case Study – 2)

*Read the case study given below and answer the questions* ***(Q. 32 and 33)*** *that follow :*

Angel, a high-achieving professional, is struggling with intense anxiety and feelings of inadequacy. She believes that she "must" be perfect and loved by everyone in her social and work circles. This belief is rooted in her experiences where she was constantly praised for her achievements but rarely for her personal qualities. Whenever she encounters a minor setback or criticism, such as a less-than-perfect performance review, she feels devastated, thinking that she has failed entirely. Beliefs such as "I am stupid" and "I will not succeed" make her emotionally unstable, impacting her daily functioning.

**32.** Explain the cause of Angel's distress according to Albert Ellis. *1*

**33.** How does RET help in reducing distress ? *2*